हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्रीय जांच ब्यूरो -सीबीआई ने आज हरियाणा सरकार के 8 विभागों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के 2 विभागों यानी नगर निगम चंडीगढ़ और क्रेस्ट चंडीगढ़ की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू फाइनेंस बैंक में रखी 661 करोड़ रुपये की सरकारी निधियों के दुरुपयोग एवं हेराफेरी मामले की चल रही जांच के संबंध में चंडीगढ़, पंचकूला और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में छापेमारी की।

सीबीआई ने तलाशी अभियान के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, संपत्ति दस्तावेज और अन्य प्रासंगिक सामग्री जब्त की।

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार चंडीगढ़, पंचकूला और दिल्ली एन. सी. आर. में 6 परिसरों में छापेमारी की गई , जिसमें हरियाणा कैडर के वरिष्ठ लोक सेवकों और मैसर्स विपम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक के आवासीय परिसर शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान सबूत मिले हैं कि खाते खोलने, धन के हस्तांतरण और निधि की हेराफेरी में

सरकारी अधिकारियों की बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत थी और आरोप है कि सरकारी अधिकारियों को इस के लिए अनुचित लाभ मिले हैं। नोएडा स्थित एक कंपनी मैसर्स विपम कंसल्टेंसी प्रा. लि. के खाते में हेराफेरी की राशि प्राप्त हुई थी जिसे बाद में निदेशक के निजी खाते में स्थानांतरित कर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई द्वारा हरियाणा राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से एक मामला हाथ में लेने और मूल रूप से आर्थिक अपराध पुलिस स्टेशन, चंडीगढ़ में दर्ज किए दो मामलों के बाद जांच की जा रही है।

प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद, सीबीआई पहले ही पंचकूला की सीबीआई अदालत के समक्ष दो विभागों हरियाणा पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अधिकारियों की मामले में भूमिका का विवरण देते हुए प्रथम आरोप पत्र दायर कर चुकी है। आरोप पत्र में में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू फाइनेंस बैंक के साथ जमा किए गए सरकारी धन की धोखाधड़ी के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि तीनों मामलों की जांच सक्रिय रूप से जारी है और इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही अतिरिक्त आरोप पत्र दायर किया जाएगा।

==

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 मार्च को आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। अंबाला के जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि परिणामों में जिला अंबाला ने पूरे हरियाणा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम बारे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया -

====================================

पलवल में फिट इंडिया एवं फिट हरियाणा अभियान को लेकर आज 'साइकिल ऑन संडे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि शिरकत के तौर पर शिरकत की।

साइकिल रैली हुड्डा सेक्टर-2, पलवल से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल में संपन्न हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने लोगों को फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला,खेल विभाग पलवल के उपनिदेशक राममेहर भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर खेल राज्य गौरव गौतम ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में युवाओं, खिलाडियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों सहित बढ़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

==

हरियाणा के आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आज हिसार स्थित टाउन पार्क में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने सभी को योग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शरीर स्वस्थ नहीं हो तो किसी भी व्यक्ति लिए कोई भी चीज़ कुछ मायने नहीं रखती। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना ज़रूरी है।

श्री महिपाल □ांडा ने आहवान किया कि योग अभ्यास में अधिक से अधिक लोग शामिल हों।

==